Govt. Women's Polytechnic, Jamshedpur.
(Established by the department of Higher, Technical Education & Skill Development Govt. of Jharkhand)
Near Gamharia Thana, Gamharia, Jamshedpur-832108
Permanent Institute ID- 1-462735411
e-mail:-gwpjamshedpur@gmail.com

# अति अल्पकालीन निविदा सूचना

राजकीय महिला पोलिटेकनिक, जमशेदपुर के अन्तर्गत दरवाजों की मरम्मती, Workshop का Shutter एवं CCTV Camera की मरम्मती एवं कुछ जरूरत के अनुसार नये Camera आदि के सामानों एवं मरम्मती की आवश्यकता है, जिसकी विवरणी की सूची संलग्न है। इसकी आपूर्ति हेतु स्थानीय प्रतिष्ठानों एवं अधिकृत विक्रेताओं द्वारा दिनांक- 13.07.2024 से दिनांक- 18.07.2024 के अपराह्न 04 (चार) बजे तक अति अल्पकालीन निविदा बन्द लिफाफे मे आमंत्रित की जाती है।

**आवश्यक शर्तेः–**

1. निविदा सीलबन्द लिफाफे में होनी चाहिए।
2. निविदा के साथ Assesment year 2022–23 एवं 2023–24 का आयकर रिटर्न, जीएसटी प्रमाण पत्र, जीसएटी रिटर्न की अद्यतन विवरणी, पैन संख्या एवं MSME से निबंधन प्रमाण पत्रकि छाया प्रति (Online Verified) संलग्न करना होगा (दरवाजों एवं Workshop का Shutter की मरम्मती के लिए जीसएटी रिटर्न एवं MSME से निबंधन प्रमाण पत्र अनिवार्य नहीं है) ।
3. निविदा का निर्णय जिस प्रतिष्ठान के पक्ष में होगा, उसे 15 दिनों के अन्दर सामानों की आपूर्त्ति/मरम्मती करनी होगी।
4. मरम्मती हेतु खराब पड़े उपकरणों (दरवाजों आदि) के अवलोकन एवं मूल्यांकन के बाद ही निविदा भरें।
5. सामानों की आपूर्त्ति संस्थान में करने के बाद एवं मरम्मती आदि का कार्य पूरा होने के बाद ही भुगतान किया जाएगा।
6. निविदा में अंकित दर के अतिरिक्त कोई हथालन/परिवहन व्यय एवं कोई अन्य राशि अलग से देय नहीं होगी।
7. सभी सामानों की संस्थान तक आपूर्त्ति/मरम्मती हेतु वाहन खर्च आपूर्तिकर्त्ता की होगी।
8. निविदा को बिना कारण बताए किसी भी समय निरस्त करने/स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सन्निहित है।
9. कुल विपत्र राशि पर नियमानुसार आयकर आदि की कटौती कर ही भुगतान की जायेगी।
10. निविदा में दर समान होने की स्थिति में स्थानीय निविदादाता को प्राथमिकता दी जायेगी। स्वीकृत निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति आदेश में दिये गये शर्तों के अधीन किया जाना होगा। स्वीकृत नमूना एवं मॉडल से भिन्न एवं समय पर आपूर्ति नहीं किये जाने पर संबंधित आपूर्तिकर्त्ता को काली सूची में डालने की कार्रवाई की जायेगी।
11. आपूर्तिकर्त्ता विगत दो वर्षों से किसी संस्थान द्वारा Black Listed नहीं हैं, इस आशय का घोषणा पत्र देना अनिवार्य है।
12. निविदा दिनांक 19.07.2024 के अप0 12:30 बजे प्राचार्य कक्ष में खोली जाएगी, जिसमें निविदाकर्त्ता/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किया जाता हैं।

**ह0/-**
**प्राचार्य**
राजकीय महिला पोलिटेकनिक, जमशेदपुर

ज्ञापांक :– 614    दिनांक 13/07/2024.

प्रतिलिपिः–

1. **उपायुक्त कार्यालय, सरायकेला–खरसावाँ, सूचना पट्ट।**
2. **उपायुक्त कार्यालय, जमशेदपुर, सूचना पट्ट।**
3. **प्रखण्ड कार्यालय, गम्हरिया, सूचना पट्ट।**
4. **राजकीय महिला पोलिटेकनिक, जमशेदपुर सूचना पट्ट।**

Sreemar 13/7/24

**प्राचार्य**
राजकीय महिला पोलिटेकनिक, जमशेदपुर

13-07-2024